संख्या– 294 / VI / 2005–3(6) / 2004

प्रेषक,

संतोष बडोनी,
अनुसचिव
उत्तरांचल शासन ।

सेवा में,

निदेशक पर्यटन,
पटेलनगर, देहरादून ।

पर्यटन अनुभागः

देहरादून दिनांक 30 मार्च, 2005

विषयः–जिला योजना 2004–05 के अन्तर्गत धनावंटन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–3198 / 2–6–215 / 04–05 दिनांक 15–3–2005 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जिला योजना के अन्तर्गत पर्यटक स्थलों के सौन्दर्यीकरण / विकास हेतु निम्न लिखित योजनाओं हेतु रू0 27.09 लाख के आगणनों के विरूद्व टी0ए0सी0 द्वारा परीक्षणोपरांत संस्तुत धनराशि रू0 21.34 लाख की लागत के आगणनों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सहित चालू वित्तीय वर्ष 2004–05 रू0 12.93 लाख (रूपये बारह लाख तिरानब्बे हजार मात्र) की धनराशि को डिपोजिट के रूप में व्यय करने की भी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

(धनराशि लाख रूपये में)

कमस0	योजना का नाम	योजना की मूल लागत	टी0ए0सी0 द्वारा स्वीकृत धनराशि	वर्ष 2004–05 में स्वीकृत की जा रही धनराशि	निर्माण इकाई
1–	राजबगठी मन्दिर का सौन्दर्यीकरण	2.07	1.81	1.00	जिला पंचायत, चमोली
2–	रैणी में काली मन्दिर का सौ0	2.18	2.11	1.00	–तदैव–
3–	शिव मन्दिर कोठली का सौन्दर्यीकरण	2.00	1.91	1.00	–तदैव–
4–	कल्सारी तुगेश्वर मन्दिर सौन्दर्यीकरण	2.00	1.75	1.00	–तदैव–
5–	गुनियाला मन्दिर का सौन्दर्यीकरण	2.00	1.87	1.00	–तदैव–
6–	चौड़ी सिमलासू देवी मन्दिर सौ0	2.00	1.80	1.00	–तदैव–
7–	खन्नी मन्दिर का सौन्दर्यीकरण	2.00	1.76	1.00	–तदैव–
8–	शिव मन्दिर थराली का सौन्दर्यीकरण	2.00	1.81	1.00	–तदैव–
9–	भगवती मन्दिर नैल सौन्दर्यीकरण	2.46	2.14	1.65	–तदैव–
10–	लोहाघाट में टनकपुर पिथौरागढ मोटर मार्ग पर स्वागत द्वारों का निर्माण	1.00	0.80	0.80	नगर पंचायत लोहाघाट
11–	लोहाघाट में शिवमन्दिर पार्क का मरम्मत / सौन्दर्यीकरण	4.08	1.90	1.00	–तदैव–
12–	लोहाघाट में रोड़वेज स्टेशन स्थित पार्क का सौन्दर्यीकरण	2.55	1.20	1.00	–तदैव–
13–	लोहाघाट में पंचेश्वर मोड़ पर स्थित पार्क का विद्युतीकरण	0.75	0.48	0.48	
	योग	27.09	21.34	12.93	–तदैव

(रूपये बारह लाख तिरानब्बे हजार मात्र)

2– उक्त स्वीकृत धनराशि इस प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत की जाती है कि मितव्ययी मदों में आवंटित सीमा तक ही व्यय सीमित रखा जाय। यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नही देता जिसे व्यय करने के लिये बजट मैनुअल या वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों या अन्य आदेशों के अधीन व्यय करने के पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा व्यय सम्बन्धित की स्वीकृति प्राप्त कर ही किया जाना चाहिये। व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये शासनादेशों में निहित निर्देश का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

3– आगणन में उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शिड्यूल आफ रेट में स्वीकृत नहीं है अथवा बाजार भाव से ली गई है की स्वीकृति नियमानुसार कम से कम अधीक्षण अभियन्ता स्तर के अधिकारी से स्वीकृत करालें ।

4– कार्य कराने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी स्वीकृति प्राप्त करनी होगी, बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाय ।

5– कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना कि स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय ।

6– एक मुश्त प्राविधान को कार्य करने से पूर्व विस्तृत आगणन गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

7– कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताए तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते एंव लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टियों के अनुरूप ही कार्य को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें ।

8– कार्य कराने से पूर्व स्थल का भली–भांति निरीक्षण उच्च अधिकारियों एंव भुगर्ववेत्ता के साथ अवश्य करा लें । निरीक्षण के पश्चात् स्थल आवश्यकतानुसार निर्देशों तथा निरीक्षण टिप्पणी के अनुरूप कार्य किया जायें ।

9– आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृति की गयी है, उसी मद पर व्यय किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जए ।

10–निर्माण सामग्री का उपयोग में लाने से पूर्व किसी प्रयोगशाला से टैस्टिंग करा ली जाय, तथा उपयुक्त पायी जाने वाली सामग्री को प्रयोग में लाया जाए ।

11–स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिनांक 31–03–2005 तक पूर्ण उपयोग कर वित्तीय/भौतिक प्रगति का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध करा दिया जायेगा। अधूरी योजनाओं पर पूर्व स्वीकृत धनराशि के पूर्ण उपयोग के उपरान्त ही आगामी किस्त उक्त विवरण उपलब्ध कराये जाने के बाद ही अवमुक्त की जायेगी। यदि कोई धनराशि अवशेष रहती है तो उसे शासन को संदर्भित कर दी जायेगी।

12–कार्य इसी लागत में पूर्ण किये जाय और उक्त लागत कोई भी पुनरीक्षण अनुमन्य नहीं होगा।

13–आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृति की गयी है, उसी मद पर व्यय किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाए ।

14–निर्माण सामग्री का उपयोग में लाने से पूर्व किसी प्रयोगशाला से टैस्टिंग करा ली जाय, तथा उपयुक्त पायी जाने वाली सामग्री को प्रयोग में लाया जाए ।

15–कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता हेतु सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगी।

16–उपरोक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2004–2005 के अनुदान संख्या–26 के अन्तर्गत के लेखाशीर्षक–5452–पर्यटन पर पूँजीगत परिव्यय–80–सामान्य–आयोजनागत–104–सम्बर्धन तथा प्रचार–91–जिला योजना–07–पर्यटक स्थलों का सौन्दर्यीकरण तथा सुविधायें–42–अन्य व्यय के नामें डाला जायेगा।

17––उपरोक्त आदेश वित्त विभाग के अशा0 सं0–988/वित्त अनु0–3/2005, दिनांक 29 मार्च, 2005 में प्राप्त उनकी सहमति के आधार पर जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(संतोष बडोनी)
अनुसचिव

संख्या– VI/2005–3 (6) 2004/ तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तरांचल, माजरा, देहरादून।
2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
3– जिलाधिकारी, चम्पावत/चमोली।
4– जिला पर्यटन विकास अधिकारी, चम्पावत/चमोली।
5– वित्त अनुभाग–3, उत्तरांचल शासन।
6– श्री एल0एम0पन्त, अपर सचिव वित्त ।
7– अपर सचिव, नियोजन।
8– निजी सचिव मा0 मुख्यमन्त्री जी, उत्तरांचल शासन।
9 निजी सचिव मा0 पर्यटन मन्त्री जी, उत्तरांचल शासन ।
10–निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तरांचल।
11–गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(संतोष बडोनी)
अनुसचिव